# 31 अगस्त करेंट अफेयर्स

**महत्वपूर्ण दिवस: 31 अगस्त**

1. **विश्व संस्कृत दिवस**: प्राचीन संस्कृत भाषा के महत्व को चिह्नित करने के लिए प्रतिवर्ष श्रावण पूर्णिमा (पूर्णिमा) के दिन विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाता है। संस्कृत भारत की एक प्राचीन पवित्र भाषा है और ऋग्वेद जैसी कई पवित्र पुस्तकें इसी भाषा में लिखी गई थीं।
2. **अफ्रीकी मूल के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस**: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन की स्थापना समाज के विकास के लिए अफ्रीकी मूल के लोगों की विविध विरासत, संस्कृति और योगदान के लिए अधिक मान्यता और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी।

✓ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पहला वैश्विक सम्मेलन इस साल कब भारत में आयोजित किया जाएगा? -- **अक्टूबर में**

✓ **सिविल पेंशन संवितरण** (Civil Pension Disbursement) के लिए किस बैंक को आरबीआई द्वारा अधिकृत किया गया? -- **बंधन बैंक**

✓ हाल ही में चन्द्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किस तत्व की उपस्थिति की पुष्टि की? -- **सल्फर (S) अर्थात गंधक**

✓ हाल ही में किस देश ने अपने संविधान में देश के मूल निवासियों को मान्यता देने के एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराने की पूरी तैयारी की? -- **ऑस्ट्रेलिया**

- यहाँ 14 अक्टूबर को आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट में रहने वाले लोगों के लिए एक नया सलाहकार निकाय स्थापित करने के लिए संविधान में संशोधन को लेकर मतदान करेंगे।
- "**वॉयस टू पार्लियामेंट**" नामक इस ऐतिहासिक जनमत संग्रह को मंजूरी मिलने से देश के संविधान में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट में रहने वाले लोगों को मान्यता मिलेगी।

✓ किस शहर ने वर्ष 2022 के लिए इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार जीता है? -- **नागालैंड की राजधानी कोहिमा** ने

✓ किस नाम से **असम** के सबसे लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया? -- **नीलाचल** (Nilachal Flyover)

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने **2.63 किलोमीटर** लंबे राज्य के सबसे लंबे फ्लाईओवर नीलाचल फ्लाईओवर का अनावरण किया
- यह गुवाहाटी में **मालीगांव चारियाली को कामाख्या गेट** से जोड़ता है

✓ '**State of India's Birds**' रिपोर्ट के अनुसार, कितनी प्रजातियों की पहचान उच्च संरक्षण चिंता (high conservation concern) के रूप में की गई थी? -- **178**

✓ 2023 में किस देश के प्रधानमंत्री को ग्रीस द्वारा '**Grand Cross of the Order of Honour**' से सम्मानित किया गया? -- **भारत**

✓ हाल ही में किस बैंक ने **शून्य घरेलू लेनदेन शुल्क** के साथ '**इन्फिनिटी सेविंग अकाउंट**' पेश किया? -- **एक्सिस बैंक**

✓ हाल ही में किस देश ने सरकारी स्कूलों में कुछ मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले पूर्ण लंबाई के वस्त्र '**अबाया**' के पहनने पर प्रतिबंध लगाया? -- **फ़्रांस ने**

- यह प्रतिबंध फ्रांस की सख्त धर्मनिरपेक्षता नीति, "**लाइसाइट**" का हिस्सा है, जो देश में एक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण विषय रहा है।

परीक्षा तैयारी

✓ हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए **पांच फ्लीट सपोर्ट** जहाजों के लिए किस कंपनी के साथ **19,000 करोड़** के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए? -- **हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड**

✓ फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के संस्थापक का क्या नाम है, जिन्होंने **ताइवान** में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने की घोषणा की? -- **टेरी गौ (Terry Gou)**

✓ पाकिस्तान में भारत की पहली महिला प्रभारी- **Charge d' Affaires** कौन बनेंगी? -- **गीतिका श्रीवास्तव**

✓ 26 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित मिस डिवाइन ब्यूटी 2023 राष्ट्रीय फाइनल के दौरान किसने **'मिस अर्थ इंडिया 2023'** का खिताब जीता? -- **प्रियान सेन**

✓ ACME Group और टाटा स्टील, किस राज्य के **गोपालपुर औद्योगिक पार्क** में **भारत की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना** पर सहयोग कर रहे हैं? -- **ओडिशा**

- 27,000 करोड़ रुपये की इस पहल का लक्ष्य हरित अमोनिया सुविधा स्थापित करना है।

## 30 अगस्त करेंट अफेयर्स

**महत्वपूर्ण दिवस: 30 अगस्त**

1. **राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस**: 2023 का विषय है - "Future-ready MSMEs for India@100"
2. **अंतर्राष्ट्रीय व्हेल शार्क दिवस**

👉 हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री **नितिन गडकरी** ने BS-VI **100% इथेनॉल** से चलने वाली **दुनिया की पहली कार** का अनावरण कहाँ किया? -- **नई दिल्ली में**

परीक्षा तैयारी

- उन्होंने **टोयोटा किर्लोस्कर** मोटर द्वारा विकसित दुनिया की पहली भारत स्टेज (बीएस)-VI-अनुरूप **विद्युतीकृत फ्लेक्स-ईंधन कार** के प्रोटोटाइप का अनावरण किया।
- **टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस** 100% इथेनॉल पर चलती है।
- यह कर अपनी दूरी का 40 प्रतिशत इथेनॉल पर और शेष 60 प्रतिशत इलेक्ट्रिक पर तय कर सकती है।

👉 हाल ही में भारत और किस देश ने नागरिक उड्डयन में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? -- **न्यूजीलैंड**

👉 हाल ही में किस राज्य सरकार ने पंचायत, नगर पालिका और नगर निगमों जैसे स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27% आरक्षण की घोषणा की? -- **गुजरात**

👉 हाल ही में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने अपने Indane XTRATEJ एलपीजी ब्रांड के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में किस सेलिब्रिटी चुना? -- **शेफ संजय कपूर**

👉 हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस जिले में बुन्देलखण्ड का **दूसरा** एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की? -- **झांसी**

- चित्रकूट एयरपोर्ट बुंदेलखंड का पहला हवाई अड्डा होगा।

👉 हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर झांसी में कितने करोड़ रुपये की **100 विकास** परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।? -- **2,009 करोड़ रुपये**

👉हाल ही में **नीति आयोग** और किस संस्था ने सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? -- **UNDP**

👉हाल ही में फीफा ने किस देश के फुटबॉल महासंघ से तत्काल प्रभाव से बैन हटा दिया है? -- **श्रीलंका**

👉‘**धौलपुर-करौली’** किस भारतीय राज्य का हाल ही में स्वीकृत बाघ अभयारण्य है?? -- **राजस्थान**

- यह देश का 53वां बाघ अभयारण्य है।
- राजस्थान में अन्य चार बाघ अभयारण्य हैं – रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व।

👉जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति कौन है जिन्हें **दूसरी बार** पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है? -- **एमर्सन मनांगाग्वा**

👉किस कंपनी ने कंप्यूटर कोड लिखने में सहायता के लिए ‘**कोड लामा’** AI मॉडल जारी करने की घोषणा की? -- **मेटा**

👉भारत, किसके साथ मिलकर दिल्ली में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करेगा-**एशियाई विकास बैंक**? -- **एशियाई विकास बैंक (ADB)**

👉कौन सा राज्य/केंद्र शासित प्रदेश **मुख्यमंत्री नाश्ता योजना** लागू करता है? -- **तमिलनाडु**

👉2023 में **69वें** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में किस फिल्म ने **सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म** का पुरस्कार जीता? -- **रॉकेट्री: द नांबी इफ़ेक्ट**

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार-**अल्लू अर्जुन**
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार- **आलिया भट्ट**, **कृति सेनन**

👉 **इंफोसिस** ने किस खिलाड़ी को प्रौद्योगिकी ब्रांड का राजदूत नामित किया गया है? -- **राफेल नडाल**

## 29 अगस्त करेंट अफेयर्स

👉हॉकी खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद** की जयंती के उपलक्ष्य में आज **29 अगस्त** को कौन-सा दिवस मनाया जा रहा है? -- **राष्ट्रीय खेल दिवस**

👉आज, 29 अगस्त को **तिरूओणम** है। किस प्रदेश के लोग इसे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाते हैं?-- **केरल**

- केरल का प्रसिद्ध त्यौहार **ओणम** है। इसको विश्वभर में बसे केरल निवासी धूमधाम से मनाते हैं।
- ओणम केरल का **फसल उत्सव** है जो धर्म से अलग समृद्धि, धर्मनिरपेक्षता और एकता का प्रतीक है।

👉 **'विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप'** में **स्वर्ण पदक** जीतकर किस खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया -- **नीरज चोपड़ा**

- **भाला फेंक** खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने **हंगरी के बुडापेस्ट** में 'वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में **भारत का पहला** स्वर्ण पदक जीता।
- पुरुषों के भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में नीरज चोपड़ा ने **88.17 मीटर** तक भाला फेंक कर प्रथम स्थान हासिल किया।
- पाकिस्तान के **अरशद नदीम** ने 87.82 मीटर तक भाला फेंक कर **रजत पदक** जीता।

👉इसरो **सूर्य का अध्ययन** करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला '**आदित्य-एल1**' को कब प्रक्षेपित करेगा -- **2 सितंबर 2023**

- यह उपग्रह सूर्य और धरती के बीच **लैग्रेंज बिंदु** एल1 के आस-पास हेलो कक्षा में स्थापित किया जायेगा।
- यह बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 4 महीने लगेंगे।
- यह मिशन सौर हवाओं और सूर्य के वातावरण का अध्ययन करेगा।
- आदित्य एल1 में सात उपकरण होंगे जो फोटोस्फेयर, क्रोमोस्फेयर तथा सूर्य की बाहरी परतों यानि कोरोना का अध्ययन करेगा।
- इन सात उपकरणों के नाम हैं- **VELC, SUIT, SoLEXS, ASPEX, HEL1OS, PAPA** और **उन्नत मैग्नेटोमीटर**
- सम्पूर्ण जानकारी को पढ़ने के लिए यहाँ- **क्लिक करें**

👉राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) **किस नाम से** एक अध्याय को इस वर्ष से **7वीं कक्षा** की पाठ्यक्रम में शामिल करेगा -- **"राष्ट्रीय युद्ध स्मारक- हमारे वीर जवानों को श्रद्धांजलि"**

👉राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किसकी जन्म शताब्दी पर स्मारक सिक्का जारी किया -- **एन.टी. रामा राव**

- दिवंगत एन.टी. रामा राव ने **तेलुगु फिल्मों** के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया।
- अपने अभिनय के माध्यम से एन.टी. रामा राव ने रामायण और महाभारत के प्रमुख चरित्रों को जीवंत किया।
- एन.टी. रामा राव ने अपनी फिल्म **मानुशुलांटा ओकाटे** के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता का संदेश भी फैलाया,

👉वर्ष का चौथा और अंतिम ग्रैंड स्लैम अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट (The US Open -Tennis) कहाँ शुरू हो गया है? -- **न्यूयॉर्क में**

👉हाल ही में गुजरात के गांधीनगर में **पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद** की 26वीं बैठक की अध्यक्षता किसने की? -- **गृह मंत्री अमित शाह**

👉मिस्र के **काहिरा** एयर बेस में **27 अगस्त से 16 सितम्बर, 2023** तक आयोजित होने वाले **द्विवार्षिक** बहुपक्षीय त्रि-सेवा एक्सरसाइज का क्या नाम है, जिसमें **भारतीय वायु सेना** पहली बार भाग ले रही है? -- **ब्राइट स्टार-23**

- इस अभ्यास में संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की वायु सेना की टुकड़ियों की भी भागीदारी होगी।

👉हाल ही में फार्मूला वन डच ग्रां प्री 2023 का अवार्ड किस किस खिलाड़ी ने जीता? -- **मैक्स वेरस्टैपेन**

👉काजीरंगा नेशनल पार्क की पहली महिला फील्ड डायरेक्टर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? -- **डॉ. सोनाली घोष**

परीक्षा तैयारी

👉भारतीय क्रिकेट टीम के डोमेस्टिक मैचों के टाइटल स्पॉन्सरशिप का अधिकार किसने हासिल किया है? -- **IDFC FIRST Bank**

👉विश्व का पहला '**स्पॉटलेस जिराफ़**' किस देश में पैदा हुआ? -- **अमेरिका**

👉G20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के 101 संगीतकार और गायकों ने भारत के **वाराणसी** में किस नाम से आयोजित अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।? -- **सुर वसुधा** (Sur Vasudha)

## 28 अगस्त करेंट अफेयर्स

👉अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने **बामियान प्रांत** में स्थित किस राष्ट्रीय पार्क में महिलाओं के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है -- '**बांद-ए-अमीर राष्ट्रीय पार्क**'

👉 हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने '**लघु सिंचाई योजनाओं**' की **छठी** गणना की रिपोर्ट जारी की, रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक **लघु** सिंचाई योजनाएं किस प्रदेश में हैं? -- **उत्तर प्रदेश**

👉 **'इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट 2022'** में उत्तर प्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में कितने पुरस्कार मिले? -- **10 पुरस्कार**

- केंद्र सरकार ने 25 अगस्त, 2023 को 'इंडिया स्मार्ट सिटी पुरस्कार 2022' की घोषणा की। **इंदौर** ने 'बेस्ट नेशनल स्मार्ट सिटी' का अवॉर्ड जीता।
- **स्मार्ट शहरों में** - इंदौर पहला स्थान प्राप्त किया है। सूरत को दूसरा और **आगरा को तीसरा** स्थान मिला है।
- **राज्यों की श्रेणी में** -प्रथम स्थान **मध्यप्रदेश**, दूसरा स्थान तमिलनाडु और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से राजस्थान और **उत्तर प्रदेश** को दिया गया है।
- **केन्द्रीय शासित प्रदेश** - में चंडीगढ़ को स्वच्छ UT का पुरस्कार दिया जाएगा।
- यह पुरस्कार 27 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा इंदौर में प्रदान किया जाएगा।
- सिटी अवॉर्ड श्रेणी में **नॉर्थ जोन** के **10 लाख** से अधिक आबादी वाले स्मार्ट शहरों में **वाराणसी** को **पहला** पुरस्कार मिला है।
- सर्वश्रेष्ठ **राज्य की श्रेणी** में उत्तर प्रदेश **तीसरे** स्थान पर रहा है। मध्य प्रदेश को पहला और तमिलनाडु को दूसरा स्थान मिला है।
- नेशनल स्मार्ट सिटी अवॉर्ड कैटेगरी में **आगरा** को **पूरे देश में तीसरा स्थान** प्राप्त हुआ है।

👉 भारत निर्वाचन आयोग ने किस आईएएस अधिकारी को **उत्तर प्रदेश** का नया **मुख्य निर्वाचन अधिकारी** नामित किया -- **नवदीप रिणवा**

👉 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यात्रा के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री की **पत्नी** को किस राज्य में बनी '**शॉल**' उपहार स्वरूप दी? -- **मेघालय**

- ये मूल रूप से खासी और जयंतिया राजशाही परिवारों के लिए बुनी जाती थी, जो इसे शक्ति और रुतबे का प्रतीक मानते हैं। ये शॉल पारम्परिक अवसरों तथा त्योहारों पर ओढी जाती है।

👉IBSA विश्व खेलों में दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट में किस देश को हराकर भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीता -- **ऑस्ट्रेलिया**

👉 हाल ही में किस देश के पवित्र **दंत अवशेष मन्दिर** में वार्षिक '**कैंडी एस्ला पेराहारा**' श्रद्धा के साथ मनाया गया? – **श्रीलंका**

परीक्षा तैयारी

## 27 अगस्त करेंट अफेयर्स

👉हाल ही में किस देश ने अपने पहले '**कर्नाटक सांस्कृतिक महोत्सव**' की मेजबानी की -- **श्रीलंका**

👉हाल ही में **फुकुशिमा परमाणु विद्युत संयंत्र** से **रेडियोधर्मी पानी** को समुद्र में छोड़े जाने कारण कौन-सा देश चर्चा में रहा? -- **जापान**

- जापान और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि 2011 में भूकम्प और सुनामी से रिएक्टर के नष्ट हो जाने के बाद विषाक्त जल का उपचार किया गया है और यह सुरक्षित है।
- हालांकि **चीन** ने जापान से समुद्री आहार के सभी आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

👉 किस राज्य सरकार ने 4 नए जिले और 81 उप-जिलों के गठन को मंजूरी दी है? -- **असम**

👉कौन सी संस्था 'Research Analyst Administration and Supervisory Body (RAASB)' स्थापित करने की योजना बना रही है? -- **SEBI**

👉**सूर्य** के अध्ययन के लिए भारत किस नाम से उपग्रह लांच करेगा -- **आदित्य एल-1**

👉वयोवृद्ध गीतकार **देव कोहली** का मुंबई में निधन हुआ। उन्होंने 'लाल पत्थर', बाजीगर, हम आपके हैं कौन, मैंने प्यार किया, 'जुड़वा 2', 'मुसाफिर' और 'शूट आउट एट लोखंडवाला' जैसी हिट फिल्मों सहित एक सौ से अधिक गीत लिखे।

👉नागरिक, पंजीकरण, कानूनी सलाह, कानूनी सहायता और कानूनी प्रतिनिधित्व और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए '**टेली-लॉ**' और '**न्याय बंधु**' एप्स को एकीकृत करने वाला ऐप -- **टेली-लॉ - 2.0**

👉भारतीय तटरक्षक ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए किस देश के तटरक्षक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए -- **फिलिपीन्स**

👉रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए **पांच** बेडा सहायक जहाजों की खरीद के लिए विशाखापट्टनम में किस के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं? -- **हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड**

## 26 अगस्त करेंट अफेयर्स

👉 **मेटा** (Facebook) ने किस नाम से एक बहुभाषी AI अनुवाद और ट्रान्स्क्रिप्शन मॉडल लांच किया -- **SeamlessM4T**

👉 केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 25 अगस्त, 2023 को किस राज्य में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी? -- **आंध्र प्रदेश**

👉 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 25 अगस्त, 2023 को किस देश के प्रतिष्ठित 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया? -- **ग्रीस**

👉न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए न्याय विभाग ने 25 अगस्त, 2023 को कौन-सा कार्यक्रम लॉन्च किया? -- **टेली लॉ 2.0**

👉चंद्रमा की सतह पर वह स्थान जहां चंद्रयान-2 ने अपने निशान छोड़े हैं, उसे किस नाम से जाना जाएगा? -- '**तिरंगा'**

👉चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के टचडाउन पॉइंट को किस नाम से जाना जाएगा ? -- '**शिव शक्ति'**

👉प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रति वर्ष 23 अगस्त को कौन-सा दिवस मनाये जाने की घोषणा की? -- **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

👉" उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना" (NESIDS) के तहत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में केंद्र द्वारा प्रदान की गई हिस्सेदारी कितनी है? -- **100%**

👉भारत ने MeitY-National Science Foundation (NSF) अनुसंधान सहयोग के लिए किस देश के साथ साझेदारी की है? -- **अमेरिका**

👉हाल ही में किस संस्था ने भारत के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रस्तुत 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है? -- **G20 महामारी कोष**

👉'विश्व जल सप्ताह 2023' कार्यक्रम का मेजबान कौन सा देश है? -- **स्वीडन**

👉भारत का पहला स्वदेशी ई-ट्रैक्टर **'प्राइमा ET11'** किस संस्था द्वारा विकसित किया गया है? -- **CSIR**

👉 महाराष्ट्र द्वारा स्थापित पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है? -- **रतन टाटा**

परीक्षा तैयारी

👉 2023 में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मेजबान कौन सा देश है? -- **दक्षिण अफ्रीका**

👉 किस केंद्रीय मंत्रालय ने भारत के लिए 'हरित हाइड्रोजन मानक' को अधिसूचित किया? -- **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

👉 '**लूना-**25' किस देश का चंद्र मिशन है? -- **रूस**

## 25 अगस्त करेंट अफेयर्स

👉 24 अगस्त, 2023 को 54वें नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की बैठक कहाँ आयोजित की गई? -- **नई दिल्ली**

👉 24 अगस्त, 2023 को विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्रस कार्लसन ने किसे हराकर शतरंज विश्व कप- 2023 जीता? -- **रमेशबाबू प्रज्ञानंदा**

👉 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में किस फिल्म को वर्ष 2021 की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म घोषित किया गया? -- **आर माधवन निर्देशित रॉकेट्री द नाम्बी इफेक्ट**

👉 संरचनात्मक अखंडता पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICONS 2023) का आयोजन 23 अगस्त, 2023 को कहाँ किया गया? -- **तमिलनाडु के मामल्लापुरम**

👉 रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 24 अगस्त, 2023 को कितने मूल्य के प्रस्तावों को मंजूरी दी? -- **7,800 करोड़ रुपये**

👉 दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने 24 अगस्त, 2023 को ब्रिक्स में कितने नए देशों के शामिल होने की घोषणा की? -- **6 देशों को**

👉 69वें राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड में बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड किसने जीता- **आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी) और कृति सेनन (मिमी)**

👉 नीरज चोपड़ा ने कितने मीटर के थ्रो के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया है- **88.77 मीटर**

👉भारत सरकार ने हाल ही में किस नाम से इनवॉइस प्रोत्साहन स्कीम शुरू की है- **'मेरा बिल मेरा अधिकार'**

👉 राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु किसकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया- **दादी प्रकाशमणि**

👉 स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 के '10 लाख से अधिक आबादी' कैटेगरी में पहला स्थान किस शहर को मिला है- **इंदौर**

👉 हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर तलाशने के लिए किसके साथ समझौता किया है- **हेवस एयरोटेक इंडिया**

## 24 अगस्त करेंट अफेयर्स

☞ शतरंज विश्व कप 2023 का टाइटल किस खिलाड़ी ने जीता- **मैग्नस कार्लसन**

☞ हाल ही में प्रोफेसर कल्यम्पुडी राधाकृष्ण राव का निधन हो गया, वह किस क्षेत्र से जुड़े हुए थे- **सांख्यिकी**

परीक्षा तैयारी

☞ ब्रिक्स ने हाल में कितने नए देशों को ग्रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है- **6**

☞ इसरो द्वारा लांच किये गए चंद्रयान-3 मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कौन है- **एस उन्नीकृष्णन नायर**

☞ यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने हाल ही में किस देश के रेसलिंग एसोसिएशन को निलंबित कर दिया है- **भारत**

☞ कौन-सा देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है- **भारत**

☞ आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप 2023 भारत के किस शूटर ने गोल्ड मेडल जीता है- **अमनप्रीत सिंह**

☞ रक्षा मंत्रालय ने कितने करोड़ रुपये के रक्षा अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी है- **लगभग 7,800 करोड़**

☞ हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने 23 अगस्त, 2023 को हवा से हवा में मार करने वाले किस स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल का सफल परीक्षण किया? — **अस्त्र**

☞ 22 अगस्त, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता और शिक्षा अभियान के लिए अगले 3 वर्षों के लिए किसे 'नेशनल आइकॉन' बनाने की घोषणा की? — **सचिन तेंदुलकर**

☞ राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने 23 अगस्त, 2023 को 100 माइक्रोसाइट्स परियोजना के तहत पहला एबीडीएम माइक्रोसाइट कहाँ लॉन्च किया? — **आइजोल, मिजोरम**

☞ अफ्रीकी संघ ने 22 अगस्त, 2023 को 'संवैधानिक व्यवस्था की प्रभावी बहाली' होने तक किस देश को संघ से निलंबित कर दिया है? — **नाइजर**

☞ अजरबैजान के बाकू में आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता में 23 अगस्त, 2023 को भारत के किस खिलाड़ी ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है? — **अमनप्रीत सिंह**

☞ भारत 23 अगस्त, 2023 को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला किस देश को हराकर जीत ली है? — **आयरलैंड**

☞ वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय का तीन-दिवसीय चिंतन शिविर हाल ही में कहाँ आयोजित किया गया ? — **गुजरात के केवड़िया**

☞ नई दिल्ली में ग्रामीण विकास विभाग, भूमि संसाधन विभाग और पंचायती राज मंत्रालय की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना का शुभारंभ कब किया गया? — **22 अगस्त, 2023**

☞ किस संस्था ने जैविक इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और नैनोबायोटेक्नोलॉजी पर इंडियन जर्नल ऑफ बायोकैमिस्ट्री एंड बायोफिज़िक्स का विशेष अंक प्रकाशित किया? — **सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर**

☞ हाल ही में थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री कौन चुने गए हैं? — **श्रेथा थाविसिन**

☞ भारत और बांग्लादेश के बीच संयुक्त सीमा शुल्क समूह (जेजीसी) की 14वीं बैठक 21 और 22 अगस्त, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? — **नई दिल्ली**

☞ 23 अगस्त, 2023 को चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के साथ भारत चंद्रमा पर **सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला चौथा देश** बन गया है। इससे पूर्व चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाले देश रूस, अमेरिका और चीन हैं।

परीक्षा तैयारी